कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001
फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724

संख्या 1467 /XXV–12 /2008 (P–4) देहरादून : दिनांक 07 दिसम्बर, 2016

सेवा में,

श्री सुनील कुमार गुप्ता,
जी–37 रेस कोर्स,
देहरादून।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत चाही गयी सूचना के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक अपने सूचना अधिकार अधिनियम से सम्बन्धित आवेदन पत्र दिनांक 03 नवम्बर, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम सें सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के तहत सूचनायें उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है। उक्त आवेदन पत्र के माध्यम से वांछित बिन्दु संख्या–01 से 03 तक में चाही गयी सूचना के क्रम में मु0नि0अ0 कार्यालय के पत्र संख्या–1136 दिनांक 13 अक्टूबर, 2016 एवं बिन्दु संख्या– 04 के क्रम में मु0नि0अ0 कार्यालय के पत्र संख्या–924 दिनांक 12 सितम्बर, 2016 के साथ संलग्न भारत निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या–437/6/1/INST/ECI/FUNCT/MCC/2016 दिनांक 07 सितम्बर, 2016 की प्रति संलग्न कर प्रेषित की जा रही है।

यदि आप उपरोक्त उपलब्ध करायी गयी सूचनाओं से सन्तुष्ट न हों तो विभागीय अपीलीय अधिकारी के सम्मुख निम्न पते पर अपील प्रस्तुत कर सकते हैंः–

**विभागीय अपीलीय अधिकारी एवं**
**अपर मुख्य निर्वाचन अधिकारी,**
**उत्तराखण्ड, 04–सुभाष रोड़,**
**सचिवालय परिसर, देहरादून।**

कृपया प्राप्ति स्वीकार करने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

स्पीड पोस्ट



दिनांकः 03/11/2016

प्रेषक,

सुनील कुमार गुप्ता,
जी–37 रेस कोर्स,
देहरादून।
मो0: 98370–38443

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड शासन,
देहरादून।

विषय : **सूचना के अधिकार अधिनियम 2005 के अर्न्तगत प्रार्थना पत्र।**

महोदय,

कृपया प्रार्थी द्वारा मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तराखण्ड शासन को प्रेषित प्रार्थना पत्र दि0 01.10.2016 **(संलग्न 1)** का संज्ञान लेने का कष्ट करें, जिसे स्पीड पोस्ट के माध्यम से भेजा गया है।

निवेदन है कि निम्नलिखित बिन्दुओं पर सत्यापित सूचना प्रदान करने की कृपा करें:–

1) प्रार्थी के उक्त पत्र की सत्यापित छायाप्रति, उस पर अंकित टिप्पणीयों सहित।

2) प्रार्थी के उक्त पत्र पर मा0 अध्यक्ष राजस्व परिषद के पृष्ठांकन आदेश के अनुपालन में की गयी जाँच, कृत कार्यवाही एवं निष्कर्ष की जानकारी।

3) प्रार्थी के उक्त पत्र के सम्बन्ध में तैयार की गयी टीपें व आज्ञायें तथा सम्पूर्ण रिपोर्टों की सत्यापित छायाप्रतियां।

4) मुख्य निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश में आगमि चुनावों के मद्धेनजर एक जिले में तैनात अधिकारियों की उस जिले से बाहर दूरस्त जिले में तैनाती करने के सम्बन्ध में दिये गये दिशा–निर्देश एवं उत्तराखण्ड सरकार द्वारा इस सम्बन्ध में वर्तमान में प्रचलित नियम की जानकारी तथा संबधित दिशा–निर्देश एवं प्रचलित नियम की सत्यापित प्रतिलिपियां।

फीस के लिये रू 10/– मूल्य का पोस्टल आर्डर सं0 37एफ 685498 संलग्न है।

संलग्नः उपरोक्तानुसार।

भवदीय,

(सुनील कुमार गुप्ता)

SP DEHRADUN KUTCHERY <248001>

EV679350792IN

Counter No:1,OP-Code:P

To:MUKHYA NIRVACHAN ADH,SUBHASH ROAD

DEHRADUN, PIN:248001

From:SUNIL KUMAR GUPTA , DDN

भारतीय डाक
India Post

दिनांक: 01/10/2016

प्रेषक,

सुनील कुमार गुप्ता,
जी–37 रेस कोर्स,
देहरादून।

सेवा में,

मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
उत्तराखण्ड शासन,
देहरादून।

विषय: मुख्य निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड प्रदेश में आगमी चुनावों को निष्पक्षता से सम्पन्न किये जाने के मद्धेनजर दस वर्षो से अधिक समय से जिला देहरादून में अध्यासित कार्यालय सहायक अभिलेख अधिकारी जनपद देहरादून के अधिनस्त सर्वे कार्यालयों में नियुक्त अभयस्त भृष्ट, शातिर व अपराधिक पृवर्ती के अधिकारीगण (1) नायब तहसीलदार श्री सुजाउद्दीन सिद्दकी, (2) नायब तहसीलदार मौ0 अशरफ (3) लेखपाल श्री राम बली सिंह को त्वरित रूप से देहरादून जिले से दूरस्त जिले में स्थानातरण किये जाने के सम्बन्ध में।

महोदया,

यह कि कार्यालय सहायक अभिलेख अधिकारी जनपद देहरादून के अधिनस्त सर्वे कार्यालयों में नियुक्त (1) नायब तहसीलदार श्री सुजाउद्दीन सिद्दकी, (2) नायब तहसीलदार मौ0 अशरफ व (3) लेखपाल श्री राम बली सिंह अपने उच्च रसूक, प्रभाव एवं जान–पहचान से पिछले दस वर्षों से अधिक समय से जिला देहरादून में ही नियुक्त है तथा हर बार किसी तरीके से अपने स्थानातरण का रूकवा लेते है अथवा देहरादून जिले में ही कियी अन्य तहसील या कार्यालय में स्थानातरण करवा लेते है। साक्ष्य हेतु इस सम्बन्ध में पारित कुछ स्थानातरण के अभिलेखों की प्रतिलिपियां संलग्ति (संलग्न 1 से 9) की जा रही है।

यह कि महोदया के संज्ञान में लाना आवश्यक है कि (1) श्री सुजाउद्दीन सिद्दकी (2) मौ0 अशरफ व (3) श्री राम बली सिंह अभयस्त भृष्ट, शातिर व अपराधिक पृवर्ती के अधिकारीगण है तथा कई प्रकरणों में दोषी भी पाये गये है और दण्डित भी किये गये है तथा सरकार की ओर से इनके विरूद्ध मुकदमे भी दर्ज है। साक्ष्य हेतु इस सम्बन्ध में कुछ अभिलेखों की प्रतिलिपियां संलग्ति (संलग्न 10 से 15) की जा रही है।

यह कि मुख्य निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार द्वारा उत्तराखण्ड प्रदेश में आगमी चुनावों को निष्पक्षता से सम्पन्न किये जाने के मद्धेनजर तीन वर्षों से अधिक समय से एक जिले में तैनात अधिकारियों की उस जिले से बाहर दूरस्त जिले में तैनाती करने के निर्देश दिये गये है, ऐसे में दस वर्षों से अधिक समय से जिला देहरादून में ही तैनात उच्च रसूक रखने वाले उक्त तीनों अभयस्त भृष्ट, शातिर व अपराधिक पृवर्ती के अधिकारीगण द्वारा आगमी चुनावों की कार्यप्रणली में गड़बड़ी व अनियमतता बर्ते जाने की पूर्ण सम्भावना है।

अतः महोदया से विन्रम निवेदन है कि मुख्य निर्वाचन आयोग केंद्र सरकार के निर्देशों के अनुपालन में उत्तराखण्ड प्रदेश में आगमि चुनावों को निष्पक्षता से सम्पन्न किये जाने के मद्धेनजर, दस वर्षो से अधिक समय से कार्यालय सहायक अभिलेख अधिकारी जनपद देहरादून के अधिनस्त भिन्न सर्वे कार्यालयों में तैनात उच्च रसूक रखने वाले उपरोक्त तीनों अभयस्त भृष्ट, शातिर व अपराधिक पृवर्ती के अधिकारीगण (1) श्री सुजाउद्दीन सिद्दकी, (2) मौ0 अशरफ व (3) श्री राम बली सिंह को त्वरित रूप से देहरादून जिले से दूरस्त जिले में स्थानांतरण करने हेतु सर्वसम्बन्धित को निर्देशित करने की सादर कृपा करें।

प्रत्याशा में धन्यवाद।

प्रार्थी,

(सुनील कुमार गुप्ता)
मो0 98370-38443

# कार्यालय : मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड
4 – सुभाष रोड़, सचिवालय परिसर, देहरादून – 248001

फोन न0 (0135) – 2712055, 2713551
फैक्स न0 (0135) – 2712014, 2713724


संख्या 1469 /XXV–12 (1–5) / 2008 देहरादून : दिनांक 07 दिसम्बर, 2016

सेवा में,

लोक सूचना अधिकारी,
समस्त जिला निर्वाचन कार्यालय,
उत्तराखण्ड।

**विषयः–** **सूचना के अधिकार के अर्न्तगत चाही गयी सूचनाओं से संबंधित आवेदन पत्रों का हस्तान्तरण।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक राज्य निर्वाचन आयोग के पत्र संख्या 737 दिनांक 29 नवम्बर, 2016 के साथ श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह, निवासी इन्द्रा कालौनी, काठगोदाम जनपद नैनीताल के सूचना के अधिकार संबंधी प्रार्थना पत्र दिनांक 22 नवम्बर, 2016 का अवलोकन करने का कष्ट करें, जिसके माध्यम से उनके द्वारा सूचना के अधिकार अधिनियम, 2005 के अर्न्तगत सूचना उपलब्ध कराये जाने का अनुरोध किया गया है, की प्रति इस आशय से प्रेषित की जा रही है कि आवेदक द्वारा चाही गयी वांछित सूचना आपके कार्यालय से संबंधित है, जिसे सूचना का अधिकार अधिनियम–2005 की धारा 6 (3) के अर्न्तगत अग्रेत्तर कार्यवाही हेतु हस्तान्तरित किया जा रहा है।

अतः कृपया नियमानुसार वांछित सूचना आवेदक को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

**संलग्न–यथोपरि।**

भवदीय,

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

**पृ0संख्या 1469 /XXV–12(1–5) / 2008, तद्दिनांक।**

प्रतिलिपिः– श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह, निवासी इन्द्रा कालौनी, काठगोदाम जनपद नैनीताल को सूचनार्थ प्रेषित।

(मस्तू दास)
अनुभाग अधिकारी एवं
लोक सूचना अधिकारी

राज्य निर्वाचन आयोग
उत्तराखण्ड

पत्रांक : 737 / रा.नि.आ.-1/2103 /2016

दिनांक 29/11/2016

सत्यमेव जयते

# राज्य निर्वाचन आयोग

**सूचना के अनुरोध को दूसरे प्राधिकारी को हस्तातंरण के लिए प्रपत्र**

अनुभाग अधिकारी/
लोक सूचना अधिकारी,
कार्यालय मुख्य निर्वाचन अधिकारी,
सचिवालय परिसर,
देहरादून।

महोदय,

कृपया श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह निवासी इन्द्रा कालौनी काठगोदाम जनपद–नैनीताल का सूचना का अनुरोध पत्र दिनांक 22.11.2016 जो राज्य निर्वाचन आयोग में दिनांक 28.11.2016 को प्राप्त हुआ है का संलग्नकों सहित सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसमें अनुरोधकर्ता द्वारा अपने पूर्व सूचना का अनुरोध पत्र दिनांक 30.08.2016 (छायाप्रति संलग्न) में चाही गयी सूचना सही प्राप्त न होने एवं कुछ जिलों से सूचना प्राप्त न होने का उल्लेख करते हुए सम्पूर्ण सूचना उपलब्ध कराने का अनुरोध किया गया है।

उक्त संबंध में अवगत कराना है कि अनुरोधकर्ता का सूचना का अनुरोध पत्र दिनांक 30.08.2016 आपके विभाग से संबंधित होने के फलस्वरूप आयोग के पत्र संख्या–528 दिनांक 05.09.2016 द्वारा आपको अंतरित किया गया है।

अतः उक्त पत्र दिनांक 22.11.2016 मूलरूप में संलग्नकों सहित आपको इस आशय से प्रेषित है कि अनुरोधकर्ता के पत्र पर अपने स्तर से अग्रेतर कार्यवाही करने का कष्ट करें।

इस पत्र की एक प्रति अनुरोधकर्ता को सूचनार्थ प्रेषित की जा रही है।

**संलग्नक–<u>उपरोक्तानुसार</u>।**

भवदीय
29-11-2016
(डी0एस0 रावत)
अनुभाग अधिकारी/
सहायक लोक सूचना अधिकारी।
मो0नं0–7534820709

**संख्या– /रा0नि0आ0–1/2103/2016 तद्दिनांक।(पंजीकृत)**

**प्रतिलिपिः–** श्री अनिल कुमार सिंह पुत्र श्री प्रहलाद सिंह निवासी इन्द्रा कालौनी काठगोदाम जनपद नैनीताल, मो0–97580595500 को इस आशय से प्रेषित कि आप द्वारा चाही गयी सूचना मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उत्तराखण्ड से संबंधित होने के फलस्वरूप प्रश्नगत सूचना के संबंध में संबंधित विभाग से सम्पर्क/पत्राचार करने का कष्ट करें।

(डी0एस0 रावत)
अनुभाग अधिकारी/
सहायक लोक सूचना अधिकारी।

निर्वाचन भवन, ग्राम लाडपुर
मसूरी बाईपास ,रिंग रोड़, देहरादून (उत्तराखण्ड)
दूरभाष : 0135 - 2670457 , 2670998
टैलीफैक्स : 0135 - 2670920 , 2678945
ई - मेल : sec.uttarakhand@gmail.com



अबकी बार युवा सरकार

# युवा सत्ता पार्टी

अनिल कुमार सिंह
केन्द्रीय अध्यक्ष

कार्यालय/निवास. इन्द्रा कालोनी गली नं0 2 काठगोदाम (नैनीताल) उत्तराखण्ड मो0.9758059500

सेवा में

श्रीमान् लोक सूचनाधिकारी / आयुक्त महोदय
राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड प्रदेश

विषय– लोक सूचना अधिकार के अन्तर्गत सूचना प्रदान करने हेतु।

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी को लोक सूचनाधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत दिनांक– 30.08.2016 को सूचना मांगी थी जो कि प्रार्थी को सही सूचना प्राप्त नहीं हुयी है कुछ जिलों से सूचना मिली हैं वह भी अलग अलग तरीके से और कुछ जिलों से सूचना प्राप्त नहीं हुयी हैं जब कि राज्य निर्वाचन आयोग उत्तर प्रदेश से मांगी गयी सूचना स्वयं उत्तर प्रदेश राज्य निर्वाचन आयोग ने दे दी हैं प्रार्थी ने युवा सत्ता पार्टी के नाम से भारत निर्वाचन आयोग भारत सरकार नई दिल्ली में रजिस्ट्रेशन कराया हैं और आगामी विधानसभा चुनाव 2017 को देखते हुये प्रार्थी को उक्त सूचना की आवश्यकता है। मांगी गयी सुचना की छायाप्रति संलग्न है।

अतः महोदय से निवेदन है कि स्वयं अपने स्तर से सम्पूर्ण सूचना प्रदान करने की कृपा करें।

दिनांक– 22.11.2016

ARO (सूचना सहायक)
28/11/2016
SD

प्रार्थी
अनिल कुमार सिंह
पुत्र श्री प्रहलाद सिंह
निवासी इन्द्रा कालौनी
काठगोदाम जनपद नैनीताल
मो0 न0 9758059500

RL KATHGODAM <263126>
A RV621175043
Counter No:1,OP-Code:USE
To:LOK SUCHANA ADHIKARI,STATE NIRVACHAN AYO
NIRVACHAN BHAWAN DEHRADUN, PIN:248001
From:ANIL KUMAR SINGH , INDRA COLONY KATHGO
Wt:12grams,
PS:5.00,Amt:20.00 (LFee:Rs.3.00) , 31/08/201
<<Track on www.indiapost.gov.in>>

सेवा में

श्रीमान् लोक सूचनाधिकारी / आयुक्त महोदय
राज्य निर्वाचन आयोग उत्तराखण्ड प्रदेश

विषय– लोक सूचना अधिकार के अन्तर्गत सूचना प्रदान करने हेतु।

महोदय,

निवेदन है कि प्रार्थी को लोक सूचनाधिकार अधिनियम 2005 के अन्तर्गत स्वयं अपने स्तर से अथवा धारा 6 (3) के अन्तर्गत निम्नलिखित सूचना प्रदान करने की कृपा करें।

1– यह कि महोदय उत्तराखण्ड में वर्ष 2012 में विधान सभा चुनाव हुये थे। उसमें जो भी निर्दलिय प्रत्याशी खड़े हुये थे। उनका नाम, पता, मोबाईल नम्बर (यदि हो तो) एवं विधान सभा क्षेत्र का नाम सहित सूचना प्रदान करने की कृपा करें।

अतः महोदय प्रार्थी सूचना पाने हेतु निर्धारित शुल्क दस रूपये (10रू0) का भारतीय पोस्टल आर्डर संख्या – 33 एफ 917196 जमा कर रहा है।

दिनांक– 30.08.2016

प्रार्थी
अनिल कुमार सिंह
पुत्र श्री प्रहलाद सिंह
निवासी इन्द्रा कालौनी
काठगोदाम जनपद नैनीताल
मो0 न0 9758059500